कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने आरटीओ निरीक्षक एवं दो दलालों को 1500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया

जयपुर, 20 अप्रेल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर देहात की टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए परिवहन कार्यालय विद्याधर नगर, जयपुर में कार्यरत निरीक्षक श्री इन्दू सैनी एवं दलाल अभिषेक व देव मीना को 1500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि विद्याधर नगर परिवहन कार्यालय में बिना ड्राईविंग ट्राईल लिये दलालों के माध्यम से रूपये लेकर ड्राईविंग लाईसन्स बनाया जा रहा है एवं परिवादी ने बताया कि मुझ से भी रूपये लेकर बिना ट्राईल लेकर दलाल के माध्यम से ड्राईविंग लाईसन्स जारी करने के लिए कहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया एवं आज परिवादी को बिना ट्राईल के ड्राईविंग लाईसन्स दिया गया जिस पर एसीबी टीम ने आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए विद्याधर नगर परिवहन कार्यालय के निरीक्षक श्री इन्दू सैनी एवं दलाल अभिषेक व देव मीना को 1500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।